# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL
Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–97 / 2016–परामर्शी सेवा          दिनांक :     / 10 / 2016

प्रेषक,

**अमृत लाल मीणा,**
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
भागलपुर।

**विषयः–माह सितम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

महाशय,

माह सितम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई भागलपुर के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

2. **<u>भौतिक प्रगति</u>**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत 10 अद्द कार्य कराये जाने थे। इन में से 06 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 03 अदद प्रगति में है।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 8+11=19 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 04 अदद योजनाएँ स्थगित की गयी है तथा 15 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद PEB गोदाम का निर्माण कार्य करना था। इनमें से 01 अदद योजना प्रशासी विभाग द्वारा स्थगित की जा चुकी है तथा 01 अदद स्थल पर पुराने भवन के dismentaling का प्रावधान प्राक्कलन में नहीं रहने के कारण योजना प्रारम्भ नहीं हुई है। प्रशासी विभाग से स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई चल रही है।

**(iv) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का निर्माण कार्य :**

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। दोनों योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

**(v) कृषि विभाग के कार्य :**

कृषि विभाग की 01 अदद योजना बर्किंग स्टैण्डर्ड माप तौल प्रयोगशाला का निर्माण किया जाना था। योजना के प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है।

**(vi) बीज प्रमाणन एजेन्सी का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना कार्यान्वयन कराया जाना था। योजना के प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है।

**(vii) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना था। इनमें से दोनों योजना का कार्य पूर्ण कर हस्तानान्तरित किया जा चुका है।

**(viii) अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना कार्यान्वयन किया जाना था। योजना अब तक प्रगति में प्रतिवेदित है।


निबंधित कार्यालयः बी0एस0बी0सी0सी0एल, हॉस्पीटल रोड, शास्त्री नगर, पटना–800023, दूरभाषः +91–612–2284861, फैक्सः +91–612–2280324, ई–मेल:bsbccl.patna@gmail.com
Registered Office: BSBCCL, Hospital Road, Shastri Nagar, Patna – 800023, Telephone No.: +91-612-2284861, Fax: +91-612-2280324, Email: bsbccl.patna@gmail.com

**(ix) विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग का निर्माण कार्य :**

इसके अन्तर्गत कुल 01 अदद योजना का कार्यान्वयन किया जाना था। योजना प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है।

**(x) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 01 अदद योजना का कार्य पूर्ण होने तथा 01 अदद योजना के लिए स्थल अनुपलब्ध रहने की सूचना दी गयी है।

**(xi) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 01 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। योजना के प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है।

**(xii) समाज कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत पुराने भवनों का जीर्णोद्वार कर 02 अदद बुनियाद केन्द्र का जीर्णोद्धार कराना था। दोनों योजना पूर्ण हो चुकी है।

**(xiii) श्रम संसाधन विभाग का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 27 अदद कौशल विकास केन्द्र का निर्माण किया जाना थां कार्य की प्रगति संतोषप्रद नहीं पायी गयी। 10 अक्टूबर, 2016 तक हर हालत में योजना को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये।

उपर्युक्त सभी कार्यों का भौतिक प्रतिवेदन आपके द्वारा न ही प्राप्त हो रहा है और नही कार्यों का कोई टाईम लाईन दिया गया हैं इस कारणवश कार्यों के भौतिक प्रगति की समीक्षा नहीं हो सकी है। वैसी योजना जिसके लिये स्थल उपलब्ध नहीं है तथा उसके लिये स्थल उपलब्ध होने की कोई सम्भावना नहीं है, उन्हें रद्द करने का प्रस्ताव दिया जाये।

प्रत्येक माह के 25 तारीख तक का प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से उस माह के 25 से 30 तारीख के बीच प्रोजेक्ट मैनेजर को उपलब्ध करा दें। परिक्षेत्राधीन कार्यों के अवशेष कार्य की योजना का टाईम लाईन सम्वेदक की सहमति से तैयार कर उनसे हस्ताक्षरित कराकर निगम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगले प्रगति प्रतिवेदन में टाईम लाईन के अनुरूप भौतिक तथा वित्तीय लक्ष्य तथा उपलब्धि प्रतिवेदन में अंकित किया जाये।

**2. <u>वित्तीय प्रगति</u>**

परिक्षेत्राधीन कार्यान्वित कुल 72 अदद योजनाओं के एकरारित राशि ₹8649.93 लाख के विरूद्ध अब तक कुल ₹3707.38 लाख का व्यय किया गया है। इस प्रकार आपकी वित्तीय उपलब्धि मात्र 42% है।

**3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :**

आपके द्वारा कार्य का फोटोग्राफ गैलरी में upload पाया गया। कई योजनाओं की वित्तीय प्रगति PMIS पर upload नहीं किया गया है। भविष्य में upload कराना सुनिश्चित करें।

**4. <u>मासिक लेख :</u>**

वर्ष 2016–17 के प्रथम तिमाही लेखा उपलब्ध कराया गया है। कृपया शीघ्र द्वितीय तमाही का लेखा उपलब्ध करावें। अगले माह से प्रत्येक माह का मासिक लेखा महाप्रबंधक (वित्त) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**5. <u>गुण नियंत्रण :</u>**

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को अब तक अप्राप्त है। अगले माह से प्रयोगशाला में जितने भी जाँच किये जाएँ उसके जाँचफल की एक प्रति महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) को उपलब्ध कराया जाये।

**6. <u>पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र :</u>**

परियोजना कार्यान्वयन इकाई, भागलपुर को प्राप्त कुल 72 अदद योजनाओं में से 30 अदद योजनाएँ अब तक पूर्ण हो चुकी है। पूर्ण योजनाओं का यदि अन्तिम विपत्र तैयार कर लिया गया है तो इसकी सूचना दी जाये तथा अन्तिम विपत्र के अनुसार कार्य की लगत राशि बताया जाये। यदि पूर्ण योजनाओं का अन्तिम विपत्र तैयार नहीं किया गया है तो अन्तिम विपत्र शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य नहीं कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी विन्दूओं पर तीन सप्ताह के अन्दर की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

विश्वासभाजन

ह0/–

**(अमृत लाल मीणा)**

ज्ञापांकः– 2564 दिनांकः– 04/10/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, संबंधित पी0आई0यू0 के उपमहाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/10/16

**(अमृत लाल मीणा)**